उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 20 फाल्गुन, शक संवत्, 1929

( दिनांक : 10 मार्च, 2008 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न [ देखिए नत्थी **(क)** तथा **(ख)** ]।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

5. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

6. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

7. पंचायती राज मंत्री, उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

8. पंचायती राज मंत्री, उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 को पुरःस्थापित करेंगे।

9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. श्री खजान दास सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 23 नवम्बर, 2007 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल एवं जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत पड़ने वाले रवांई-जौनपुर क्षेत्र को जौनसार बावर की तरह जनजाति क्षेत्र घोषित किया जाय।"

12. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

| | |
|---|---|
| 1. श्री विजय सिंह पंवार | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि टिहरी बांध की झील के निर्माण से प्रभावित टिहरी जनपद विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर के सम्पूर्ण क्षेत्र तथा उत्तरकाशी जनपद के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के गाजड़ा पट्टी के सम्पूर्ण क्षेत्र के अवरूद्ध हो गये विकास को प्रारम्भ करने हेतु विशेष आर्थिक पैकेज स्वीकृत किया जाय।" |
| 2. श्री चन्दन राम दास | "यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड में टनकपुर से बागेश्वर के लिए रेलवे लाईन का निर्माण क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति तथा जनसामान्य के हित में अत्यन्त आवश्यक है।" |
| 3. श्री सुरेन्द्र राकेश | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक में एक बालिका डिग्री कालेज की स्थापना की जाय।" |
| 4. श्री बलबीर सिंह नेगी | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली तहसील के जगदीशिला-विश्वनाथ और रतकोट यात्रा को धार्मिक यात्रा घोषित कर यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाय।" |

---

**(समय : अपराह्न 3:00 बजे)।**

13. मुख्यमंत्री, वित्तीय वर्ष 2008-09 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

14. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 10 मार्च, 2008**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 20 फाल्गुन, शक संवत्, 1929

( दिनांक : 10 मार्च, 2008 )

# नत्थी ''क''

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>14–06–2007 | *1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मार्च, 2007 से अब तक कितने उद्योगपतियों द्वारा कितना पूंजी निवेश किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>17–01–2008 | *1. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि 85 वें संविधान संशोधन के परिणाम स्वरूप भारत सरकार द्वारा इसके अनुपालन में जारी शासनादेश सं0–20011/1/2001 ESTT (D) दिनांक 21 जनवरी, 2002 उपरान्त भी क्या उत्तराखण्ड शासन द्वारा कोई समान शासनादेश निर्गत न किये जाने के कारण उत्तराखण्ड में अनुसूचित जाति/जनजाति के कर्मचारियों को वरिष्ठता एवं अन्य सेवा संबंधी लाभ नहीं मिल पा रहे हैं? यदि हाँ, तो उत्तराखण्ड में अनुसूचित जाति/जनजाति के कर्मचारियों को वरिष्ठता एवं सेवा संबंधी सुविधायें प्रदान करने हेतु शीघ्र ही शासन द्वारा शासनादेश जारी किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कार्मिक |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>17–01–2008 | *2. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड बहुद्देशीय वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के बी0पी0एल0 परिवारों को छोटे–छोटे उद्योगों को खोलने/संचालित करने के लिए ऋण के साथ जो अनुदान (सब्सिडी) दिया जा रहा था उसे समाप्त कर दिया गया है? यदि हाँ, तो बी0पी0एल0 परिवारों का अद्यतन सर्वे किये बिना सब्सिडी खत्म करने का निर्णय किस आधार पर किया गया है एवं इसका औचित्य क्या है? इस आशय का शासनादेश किसकी अनुमति से समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी किया गया है? क्या सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध शासन स्तर पर कोई कार्यवाही विचाराधीन है? क्या इसकी बहाली हेतु कोई कार्यवाही शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>17–01–2008 | *3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद में वर्ष 2007–2008 के जिला प्लान में निर्धारित धनराशि (परिव्यय) का उपभोग कर लिया गया है? यदि हाँ, तो क्या विधायकों द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2007–08 में दिये गये प्रस्ताव के अनुसार ही सड़कों के निर्माण पर परिव्यय किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>21–01–2008 | *4. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा किसानों को निजी भूमि से, कार्य हेतु, मिट्टी के उठाने पर रोक लगाई गई है? क्या यह सत्य है कि इस रोक के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपने घरों के निर्माण कार्य आदि भी नहीं करवा पा रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त रोक हटाने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | औद्योगिक विकास |

श्री शैलेन्द्र सिंह रावत
21–01–2008

*5. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–119 मेरठ–कोटद्वार–पौड़ी में कोटद्वार एवं दुगड्डा के मध्य स्थित तीन पुलों (दो स्टील गर्डर स्थान दुगड्डा एवं लालपुल तथा एक आर0सी0सी0 स्थान गिंवई सोत की आयु 50 वर्ष से उपर हो गई है? क्या यह सत्य है कि यह तीनों पुल सिंगल लेन होने के कारण परिवहन संचालन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं तथा कभी भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं? यदि हाँ, तो क्या प्रदेश सरकार इनके स्थान पर डबल लेन पुल बनाने हेतु कोई प्रयास कर रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री शहजाद
22–01–2008

*6. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में मार्च, 2007 से 30 नवम्बर, 2007 तक प्रत्येक थाना क्षेत्र में कितनी डकैती, लूट एवं कितने अपहरण एवं हत्याएं हुई हैं? क्या मुख्यमंत्रीजी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के थाना क्षेत्र कोतवाली रानीपुर में मार्च, 2007 से नवम्बर, 2007 तक क्षेत्र में हुई कितनी हत्या, अपहरण, डकैती एवं लूट की घटनाओं का खुलासा किया गया है और कितनी घटनाएं एसी हैं जिनका अभी तक खुलासा नहीं किया गया है?

गृह

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
22–01–2008

*7. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को प्रशासन द्वारा अल्पसंख्यक के बजाए, पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है? क्या यह सत्य है कि उक्त के कारण अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति से छात्र/छात्राएं वंचित हो जाते हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा मुस्लिम एवं सिक्ख समुदाय के छात्र/छात्राओं को अल्पसंख्यक जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराएं जाने का प्रावधान कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
22–01–2008

*8. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिछड़ी जाति छात्रवृत्ति हेतु निर्धारित न्यूनतम मासिक आय मात्र रू0 1,000/– से उत्पन्न हो रही विसंगति को देखते हुए इस मानक में परिवर्तन करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो, क्यों?

समाज कल्याण

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'
22–01–2008

*9. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य एक्ट (उत्तरांचल राज्य कमीशन फोर अदर बेकवर्ड क्लासेस एक्ट–2003–उत्तरांचल एक्ट सं0 07 ऑफ 2007) द्वारा गठित अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशें सरकार द्वारा अमल में लाई जाती हैं? क्या यह सत्य है कि केन्द्र सरकार (नेशनल कमीशन फोर अदर बैकवर्ड क्लासेस एक्ट–1993) द्वारा गठित राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशें केन्द्र सरकार द्वारा अमल में लाए जाने हेतु केन्द्र सरकार बाध्य है? यदि हाँ, तो क्या केन्द्र सरकार की भाँति राज्य सरकार भी अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को पूर्णतया अमल में लाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

तृतीय सोम के तारा0 17 में स्था0

श्री मुन्ना सिंह चौहान
24–01–2008

*10. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल विद्युत परियोजनाओं के लिए बनने वाली भूमिगत सुरंगों से आबादी क्षेत्रों के धंसने की क्या कोई शिकायत मिली है? यदि हाँ, तो क्या कोई जाँच कराई गई है? क्या सरकार जाँच का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री मुन्ना सिंह चौहान
24–01–2008

*11. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में भारत सरकार द्वारा घोषित औद्योगिक पैकेज के तहत उत्तराखण्ड द्वारा भी उद्योगों की विद्युत दरों/टैरिफ में कोई छूट दी गई है? यदि हाँ तो अन्य उपभोक्ताओं की तुलना में श्रेणीवार विवरण क्या है?

ऊर्जा

श्री मुन्ना सिंह चौहान
24–01–2008

*12. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने कोई पैकेज घोषित किया है? यदि हाँ तो पैकेज के मुख्य बिन्दु क्या हैं? क्या प्रदेश सरकार द्वारा घोषित पैकेज की सुविधाऐं भारत सरकार द्वारा पहले से देय औद्योगिक पैकेज के अतिरिक्त हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

उद्योग

श्री खजानदास
31–01–2008

*13. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि वर्ष 1986 में तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत मशोन द्वारगढ़ मोटर मार्ग की स्वीकृति, न्याय पंचायत मुख्यालय द्वारगढ़ को 10 ग्रामों की लगभग 25 हजार से अधिक आबादी को जोड़ने के उद्देश्य से प्रदान की गई थी? क्या मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में यह भी है कि मशोन द्वारगढ़ मोटर मार्ग का निर्माण मशोन की ओर से मात्र 10 किमी हो पाया है तथा द्वारगढ़ के ओर से अब तक भी मोटर मार्ग शुरू नहीं हो पाया है? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग के अधूरे निर्माण को कब तक पूर्ण करा दिया जाएगा?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह
31–01–2008
श्री महेन्द्र सिंह माहरा
11–02–2008

*14. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की सीमाओं पर आतंकवादी व माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हाँ तो क्या? यदि नहीं तो क्यों?

गृह

श्री ओम गोपाल
01–02–2008

*15. क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि नरेन्द्रनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ढालवाला/चौदहबीघा/मुनी की रेती तपोवन में विद्युत लाइनें निर्धारित सीमा से कम ऊँचाई पर बिछी होने के कारण आवासीय भवनों के ऊपर बिछाई गई हैं जिस कारण आये दिन उपरोक्त लाइनों से दुर्घटनायें हो रही हैं तथा कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है? यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त लाइनों को आवासीय क्षेत्र के ऊपर से हटाया/स्थानांतरित किया जायेगा? क्या सरकार विद्युत लाइनों से जनता की सुरक्षा हेतु जनसुरक्षा अधिनियम बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
04–02–2008

*16. **भारत सरकार के नियंत्रणाधीन होने के आधार पर निरस्त**

श्री राजेश जुवाँठा
04–02–2008

*17. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में लघु जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, उन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्या सरकार उन क्षेत्रों में बिजली रियायती दरों पर मुहैया कराये जाने के सम्बन्ध में विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री प्रेमानन्द महाजन
04–02–2008

*18. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड गदरपुर व रूद्रपुर जनपद उधमसिंह नगर में कितने ईंट भट्टों द्वारा ईंट उत्पादन किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ईंट भट्टे लगाने के लिए विभाग द्वारा कौन–कौन सी औपचारिकताएं पूर्ण करायी जाती हैं एवं ईंट भट्टों से विभाग को क्या लाभ है?

उद्योग

श्री ओम गोपाल
04–02–2008

*19. क्या मुख्यमंत्री के संज्ञान में है कि टिहरी जनपद में नरेन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बछेलीखाल में 02 मेगावाट क्षमता के बिन्ड फार्म की स्थापना हेतु डी0 पी0 आर0 तैयार कराई गई? जिसके अनुसार परियोजना की अनुमानित लागत 10.70 करोड़ है तथा इसकी लैवलाइज्ड उत्पादन मूल्य रू0 5.35 प्रति यूनिट है? क्या यह सत्य है कि उक्त योजना को उरेड़ा द्वारा स्वयं संचालित क्यों नहीं किया जा रहा है? क्या यह भी सही है कि निजी विकासकर्ता के माध्यम से योजना संचालित किये जाने तथा उसकी मार्केटिंग करने पर उत्पादित विद्युत की दर अत्यधिक महंगी हो जायेगी? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस योजना को निजी विकासकर्ता के माध्यम से न कराकर उरेड़ा के माध्यम से संचालित एवं विकसित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री ओम गोपाल
05–02–2008

*20. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल में अदरक पर अज्ञात बीमारी लगने के कारण अदरक का उत्पादन एकदम गिर गया है? क्या यह सत्य है कि उक्त के कारण किसान अदरक की खेती करने में उदासीनता दिखा रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या किसानों व अदरक की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार कोई नीति बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

उद्यान

## अतारांकित प्रश्न

श्री सुरेन्द्र राकेश
18–01–2008

1. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री अवगत है कि राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन आवासीय ऑफिसर्स कालोनी रेसकोर्स अन्तर्गत स्थित चतुर्थ श्रेणी (टाईप–1) कर्मचारियों के आवास जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उन समस्त आवासों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है? यदि हाँ, तो उन समस्त आवासों का मरम्मत का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

राज्य सम्पत्ति

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>21–01–2008 | **2.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहस्रधारा रोड, देहरादून में शहर का कूड़ा कचरा विगत कई वर्षों से डालने के विरोध में स्थानीय जनता ने धरना प्रदर्शन व ज्ञापन दिये हैं? क्या यह सत्य है कि इस कूड़े–कचरे से हिलव्यू अपार्टमेन्ट, द्रोण ईस्ट पार्क तथा आश्रमवासियों एवं अन्य निवासियों को इसकी गन्दगी व दुर्गन्ध से वहाँ रहना मुश्किल हो रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थान से कचरा उठवाकर कचरा डालने के स्थान को अन्यत्र स्थापित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री शहजाद<br>21–01–2008 | **3.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार स्थित सिडकुल को राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 58 से जोड़ने के लिए बनाए गये मार्ग पर पड़ने वाली उपरी गंग नहर नई एवं पुरानी पर स्वीकृत पुल की प्रथम स्वीकृति आर.सी.सी. की थी? यदि हाँ, तो स्वीकृत पुल को आर.सी.सी. के स्थान पर लोहे का बनाये जाने के क्या कारण हैं? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पुल को आर.सी.सी. का बनाने के लिए कितना धन स्वीकृत किया गया है तथा यदि उक्त पुल लोहे का बनेगा तो निर्माण में कितना धन लगेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्री शहजाद<br>21–01–2008 | **4.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सामान्य निर्वाचन 2007 के दौरान चुनाव आयोग द्वारा कितने पुलिस उप निरीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों का स्थानांतरण जनपद हरिद्वार से अन्य जनपदों में किया गया था? क्या मुख्य मंत्रीजी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सामान्य निर्वाचन 2007 के दौरान चुनाव आयोग द्वारा जिन पुलिस उप निरीक्षकों और पुलिस निरीक्षकों का स्थानांतरण जनपद हरिद्वार से बाहर किया गया था उनमें से कितने पुलिस उपनिरीक्षक और पुलिस निरीक्षक वापस हरिद्वार जनपद में तैनात कर दिये गये हैं? | **गृह** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>21–01–2008 | **5.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्ववर्ती राज्य उ0प्र0 की भांति उत्तराखण्ड राज्य में भी पुलिस कर्मियों को मूंछें रखने पर उनकी देखभाल हेतु भत्ता दिया जाता है? यदि हाँ, तो कितनी धनराशि प्रतिमाह वितरित की जाती है? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>21–01–2008 | **6.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि राज्य में शस्त्र लाईसेन्स धारकों की ''कारतूस क्रय सीमा'' एक बारगी तथा वार्षिक कोटा भी सीमित कर दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार इस ''कारटेज परचेज़ लिमिट'' को जनहित में बढ़ाने जा रही है? यदि हाँ, तो पृथक राइफल, बन्दूक, रिवॉल्वर/पिस्टल की कारतूस क्रय सीमा एक बार क्रय करने पर एवं वार्षिक कोटे में वृद्धि कर कितनी–कितनी की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22–01–2008 | **7.** क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन कितने अतिथि गृह किस–किस जनपद में स्थापित हैं? क्या प्रदेश की अस्थाई राजधानी में भी कोई अतिथि गृह है? यदि नहीं तो क्या सरकार प्रदेश की अस्थाई राजधानी देहरादून में अतिथि गृह का निर्माण प्रारम्भ करेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **राज्य सम्पत्ति** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22–01–2008 | **8.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग ''रूड़की से लक्सर मार्ग'' के सुदृढ़ीकरण का कार्य, कुम्भ मेला 2010 के अर्न्तगत कराया जायेगा? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग पर निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोम के अता0 63 में स्था0** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22–01–2008 | **9.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के अनेक नवनिर्मित एवं विस्तारित मोटर मार्गों को सम्भागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी द्वारा बस सेवाओं के संचालन हेतु अपयुक्त नहीं पाया तथा निर्माण में रही त्रुटियों का निस्तारण हेतु कहा गया? यदि हाँ तो उक्त मोटर मार्गों का विवरण क्या है तथा मार्गों के निर्माण में की गई त्रुटियों का निस्तारण कब तक किया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मार्गों के निर्माण में रही त्रुटियों के प्रति कौन उत्तरदाई है तथा उत्तरदाइयों के प्रति क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22–01–2008 | **10. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>23–01–2008 | **11.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि लकसर – (24) विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत लो0नि0वि0 द्वारा स्वीकृत कान्हेवाली से मिर्ज़ापुर के मध्य हड़वाया नाले तथा बीजोपुरा से मिर्ज़ापुर के मध्य हड़वाया नाले पर सेतु निर्माण वर्षों के उपरान्त भी अपूर्ण हैं? यदि हाँ तो क्या सरकार जनहित में उपरोक्त सेतुओं का निर्माण कार्य अविलम्ब पूर्ण कराऐगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मनोज तिवारी<br>23–01–2008 | **12. द्वितीय विधान सभा के प्रथम सत्र, 2008 के प्रथम शुकवार के अतारांकित 25 द्वारा उत्तरित** | **(समाज कल्याण विभाग से शिक्षा विभाग को स्था0)** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज तिवारी<br>24–01–2008 | **13.** क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के अल्मोड़ा शहर में, विवेकानन्द पुरी के समीप डा0 थापा मार्ग जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का सुदृढ़ीकरण करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>25–01–2008 | **14.** **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>25–01–2008 | **15.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मनेरी भाली स्टेज–टू परियोजना के निर्माण में मानकों की क्या कोई अनदेखी करके सुरंग को चार्ज करने में जल्दबाजी की गयी है? यदि हाँ, तो इसके दोषी कौन है? यदि नहीं, तो सुरंग के चार्ज करते समय भारी जल रिसाव के कारण क्या थे? क्या सुरंग को चार्ज करते समय किसी ISO ड्रील का पालन करना होता है? इस रिसाव से परियोजना के संचालन में कुल कितने दिन का विलम्ब हुआ है? | **ऊर्जा** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>25–01–2008 | **16.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 में प्रदेश के अन्तर्गत नई सड़कों के निर्माण हेतु मंजूरी दी गई है? यदि हाँ, तो किस आधार पर? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>25–01–2008 | **17.** क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि प्रदेश के अनेकों मोटर मार्गों पर जगह–जगह बैरियर लगे हुए हैं? यदि हाँ, तो क्या नैशनल हाईवेज़ व स्टेट हाईवेज़ पर बैरियर लगाये जाने की अनुमति है? क्या अचानक बैरियर से टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं पर लोक निर्माण विभाग की मुआवज़ा देने की कोई नीति है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री चन्दन राम दास<br>25–01–2008 | **18.** क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गरूड़, जनपद बागेश्वर में सरकार पॉलिटैक्निक खोलने हेतु विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्राविधिक शिक्षा** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>28–01–2008 | **19.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के खतरे को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें .30 कारबाईन रायफल का लाईसेन्स जारी किया जाता है? यदि हाँ, तो उक्त की प्रक्रिया क्या निर्धारित की गई है एवं उक्त आग्नेय अस्त्र लाईसेन्स हेतु क्या अर्हतायें निर्धारित की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>28–01–2008 | **20.** क्या मुख्य मंत्री अवगत हैं कि राजकीय महाविद्यालय–लक्सर (जनपद हरिद्वार) हेतु अनावासीय एवं आवासीय भवनों के निर्माणार्थ शासन द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? उक्त संस्थान हेतु अब तक कितनी धनराशि जारी कर दी गई है, तथा अवशेष धनराशि कब तक जारी कर दी जायेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि निर्माणार्थ भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है? क्या सरकार इसी सत्र में भवनों से सम्बन्धित कार्य पूर्ण कराने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री राजेश जुवाँठा<br>28–01–2008 | **21.** क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश के कारागार विभाग में अधिकांश अधिकारी/कर्मचारी उत्तर प्रदेश के विकल्पधारी हैं? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा विकल्पधारियों को उ0प्र0 हेतु कार्यमुक्त करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री राजेश जुवाँठा<br>28–01–2008 | **22.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के विकास खण्ड पुरोला/मोरी तथा नौगांव में कितने ऐसे गाँव हैं जिनमें विद्युतीकरण हो चुका है एवं कितने ऐसे गाँव हैं जिनमें अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है? सरकार द्वारा उक्त छूटे हुये गाँवों के विद्युतीकरण हेतु क्या कदम उठाये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>30–01–2008 | **23.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि लक्सर तहसील, जनपद हरिद्वार में दो वर्ष पूर्व, लो0नि0वि0 द्वारा, "सैदाबाद बाईपास से खानपुर तक सड़क निर्माण" का कार्य स्वीकृत किया गया था? क्या यह सत्य है कि कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त कार्य अत्यधिक शिथिलता से कराए जाने से एक वर्ष से मार्ग अवरूद्ध होने से क्षेत्रवासियों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार शिथिलता पूर्वक चल रहे उक्त कार्य का परीक्षण करा कर जनहित में अविलम्ब कार्य पूर्ण लो0नि0वि0 के मापदण्डानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगी और सरकारी कार्य में शिथिलता हेतु जिम्मेवार व्यक्ति/संस्था पर कार्यवाही की जायेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री राजेश जुवाँठा<br>29–01–2008 | **24.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश बनने के बाद कारागार विभाग में जेलर/उपजेलर/बन्दीरक्षक के कितने पद रिक्त हैं तथा सरकार रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | **गृह** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>30–01–2008 | **25.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आगामी कुंभ मेला निधि के बजट से लकसर (जनपद हरिद्वार) में स्थित रेलवे समपार पर उपरगामी सेतु का निर्माण लो0नि0वि0 के द्वारा कराया जाएगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोम के अता0 64 में स्था0** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>31–01–2008 | **26.** क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गंगा नदी के दोनों किनारे दो सौ मीटर की दूरी पर कोई नया आवासीय निर्माण न किये जाने की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है? क्या सरकार प्रदेश में जनपद हरिद्वार के साथ अन्य जनपदों में भी इस शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **आवास** |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>31–01–2008 | **27. आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>31–01–2008 | **28.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के वि0ख0 रायपुर के अन्तर्गत विवेकानन्द फेस–II हेतु स्वीकृत ट्रान्सफार्मर के न लगाये जाने के कारण उक्त क्षेत्र में लो–वोल्टेज की समस्या है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए अविलम्ब उक्त क्षेत्र में ट्रान्सफार्मर लगायेगी तथा स्वीकृत ट्रान्सफार्मर को न लगाये जाने के दोषी अधिकारी के विरूद्व कठोर कार्रवाई की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>01–02–2008 | **29.** क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आगामी कुंभ मेला निधि में से जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत लो0नि0वि0 से गत अर्द्ध कुंभ निधि द्वारा निर्मित लकसर से रूड़की, लकसर से हरिद्वार तथा खानपुर से दल्लावाला तक सम्पर्क मार्गों का पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोम के अता0 62 में स्था0** |
| श्री खजानदास<br>01–02–2008 | **30.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के भटोली मदरसू मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2000 में की गई थी? क्या यह सत्य है कि अब तक उक्त मोटर मार्ग मात्र 1 किमी0 ही निर्मित हो पाया है? यदि हाँ, तो क्या मुख्यमंत्री जी जनहित में उक्त भटोली मदरसू मोटर मार्ग के पूर्ण निर्माण की स्वीकृति प्रदान करेंगे? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | **लोक निर्माण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>01–02–2008 | **31.** | क्या लो0नि0 मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ अन्तर्गत नैनी सैनी हवाई पट्टी के चारों ओर निर्माणाधीन रिंग रोड ग्राम दौला से प्रारम्भ हो कर ग्राम जाजर देवल में धारचूला रोड से जुड़नी थी? क्या यह सत्य है कि उक्त मार्ग का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा मात्र जाजर देवल में 500 मीटर कार्य होना शेष है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>04–02–2008 | **32.** | क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ अन्तर्गत वि0स0 कनालीछीना क्षेत्र में एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत कितने मोटर मार्ग स्वीकृत हुये हैं तथा उनमें से कितनों में कार्य प्रारम्भ किये गये हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शेष चयनित कार्यों में कब तक कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>04–02–2008 | **33.** | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में 600 मेगावाट की लोहारीनाग पाला जल विद्युत परियोजना के निर्माण कम्पनियों द्वारा स्थानीय प्रभावितों में से किन किन बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है? क्या सरकार रोजगार पर लगाये गये प्रभावित बेरोजगारों की गाँव वार सूची उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>04–02–2008 | **34.** | क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्त एवं लेखा संवर्ग में समूह ख तक वित्त एवं लेखाधिकारी तथा सहायक लेखा अधिकारियों के कुल कितने पद रिक्त हैं तथा उक्त पद कब से रिक्त चल रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन पदों को भरने की व्यवस्था तथा पोषक संवर्ग क्या है? इन पदों को पदोन्नति से अब तक न भरे जाने के क्या कारण हैं तथा भविष्य में इन पदों को भरे जाने की क्या कोई योजना है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री राजेश जुवाँठा<br>04–02–2008 | **35.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की अन्य पिछड़ी जातियों (OBC) को केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने के लिए सरकार द्वारा भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे गये हैं? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>04–02–2008 | **36.** | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के रा0 महाविद्यालय–चौखुटिया के भवन निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं तो क्यों? क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में स्नातकोत्तर विषयों तथा बी0कॉम0 संकाय खोलने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>04–02–2008 | **37.** | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर ग्राम सभा गुमचैईया के अन्तर्गत ग्राम गुमचैईया कालोनी में खजिया नदी के पुल से गुमचैईया के शमशान घाट तक 250 मी0 मार्ग पूर्ण नहीं किया गया? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग को बनवाये जाने पर विचार करेगी? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल<br>04–02–2008 | **38.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नरेन्द्रनगर विधान सभा के अन्तर्गत ढालवाला में चल रहे उद्योगों में 70% स्थानीय बेरोज़गारों को रोज़गार दिया गया है? यदि हाँ, तो किन–किन उद्योगों में दिया गया है? क्या शासनादेश का उल्लंघन करने वाले उद्योगों/कम्पनियों के विरूद्ध सरकार कोई कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्रीमती अमृता रावत<br>04–02–2008 | **39.** क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत राजकीय पॉलिटैक्निक संस्थान बींरोखाल हेतु भवन की स्वीकृति एवं व्याख्याताओं की तैनाती कब तक सुनिश्चित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | प्राविधिक शिक्षा |
| श्री ओम गोपाल<br>05–02–2008 | **40.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड पुलिस में 31 नवम्बर 2007 तक उपनिरीक्षकों के कुल कितने पद रिक्त हैं? रिक्त पदों में से सीधी भर्ती द्वारा कितने पदों को और कब तक भरा जायेगा? | गृह |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>05–02–2008 | **41.** क्या न्याय मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी स्थित न्यायालयों में महिला नोटरी का पद सृजित किये जाने हेतु जनपद के विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत महिला अधिवक्ताओं द्वारा अनुरोध किया गया है? यदि हाँ तो अन्य जनपदों की भांति जनपद उत्तरकाशी में महिला नोटरी का पद कब तक सृजित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | न्याय |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>05–02–2008 | **42.** **भारत सरकार से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री प्रीतम सिंह<br>05–02–2008 | **43.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2008 में पुलिस रिक्रूटों को प्रशिक्षण देने के लिए कितने केन्द्रों की स्थापना की गई तथा प्रशिक्षण देने का दायित्व किस स्तर के अधिकारियों को सौंपा गया? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह<br>05–02–2008 | **44.** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007 में सरकार गठन के पश्चात् प्रदेश में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए अब तक कितने अपराधियों को गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री मनोज तिवारी<br>05–02–2008 | **45.** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका, नगर पंचायत के कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी घोषित किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरिदास<br>05–02–2008 | **46.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 के उत्तराखण्ड हज कमेटी के माध्यम से हज यात्रा से वापिस होने पर आबे जम–जम (पानी) साथ लाने की व्यवस्था न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार हज यात्रियों के लिए आबे जम–जम (पानी) साथ लाने की व्यवस्था करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>05–02–2008 | **47.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद–रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड ऊखीमठ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गौण्डार अभी भी विद्युतीकरण से वंचित हैं? यदि हाँ तो क्या सरकार ग्राम पंचायत गौण्डार में विद्युतीकरण करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>05–02–2008 | **48.** क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिकाओं को प्रतिमाह कुल कितना मानदेय (वेतन) दिया जा रहा है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लगातार वेतन वृद्धि की मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक वेतन वृद्धि का निर्णय लिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | **बाल विकास** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>05–02–2008 | **49.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत चन्द्रनगर, ऊच्छाढुंगी, रूद्रप्रयाग क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को सुचारू एवं नियमित करने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ तो कब तक विद्युत व्यवस्था सुव्यवस्थित की जा सकेगी? यदि नहीं तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>05–02–2008 | **50.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद–रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत ग्राम धार–तोंदला मोहल्ला शीशी, अमर तोणा, चणाखण्डी में लो–वोल्टेज की समस्या बनी हुई है? यदि हाँ तो क्या सरकार लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु इस क्षेत्र में 66 के0बी0 सबस्टेशन की शीघ्र स्थापना करेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री ओम गोपाल<br>06–02–2008 | **51.** क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत लो0नि0वि0 की निर्माणाधीन एवं निर्मित अधिकांश सड़कें भूस्खलन तथा दैवीय आपदा से पूर्णतः/आंशिक क्षतिग्रस्त हो चुकी है तथा सड़कों में भूमि कटाव की मिट्टी पत्थर से (राष्ट्रीय राजमार्ग छोड़कर) सम्पर्क मार्ग एवं अन्य सड़कें दबी हुई हैं? यदि हाँ, तो क्या मुख्यमंत्री सड़कों की मरम्मत के लिए धन उपलब्ध करायेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>06–02–2008 | **52.** क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा अन्तर्गत लो0नि0 विभाग–रानीखेत (निर्माण खण्ड) में मोटर मार्ग निर्माण कार्य अत्यधिक होने के कारण उक्त निर्माण खण्ड का उपखण्ड चौखुटिया में खोलने का विचार का रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

श्री मयूख महर
06–02–2008

**53.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से अ0जा0/अ0ज0जा0/पिछड़ी जाति के बच्चों के उत्थान के लिये प्रदेश में कुल कितने विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है व उक्त विद्यालयों में अ0जा0/अ0ज0जा0/पिछड़ी जाति के कुल कितने छात्र/छात्रायें अध्ययनरत हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग उक्त संचालित विद्यालयों को अनुदान किस नियम के तहत प्रदान किया जा रहा है एवं उक्त विद्यालयों के संचालन तथा अनुदान देने हेतु कोई नियमावली है? क्या यह सच है कि विभागीय नियमावली न होने के कारण वित्त विभाग द्वारा गत दो वर्षों से विभागीय अनुदान रोक दिया गया है? क्या विभाग उक्त कार्य हेतु अपनी कोई नियमावली बनायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**

श्रीमती अमृता रावत
06–02–2008

**54.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के आठ मोटर मार्गों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (गढ़वाल क्षेत्र) के अ0शा0 पत्रांक 1649/36याता0पर्व0/07 पौड़ी दिनांक 30 अप्रैल 2007 के द्वारा लोक निर्माण विभाग के पौड़ी स्थित प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं? यदि हाँ, तो इन निर्देशों और उनके अनुपालन में की गई कार्यवाही तथा उनके परिणामों का विवरण क्या है तथा वर्णित समस्याओं का समाधान कब तक किया जायेगा?

**लोक निर्माण**

श्रीमती अमृता रावत
06–02–2008

**55.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के स्थान डांडानागराजा क्षेत्र में 33 के0वी0 सब स्टेशन निर्माण विषयक मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या GE/1657/2007(1) दिनांक 12 जून 2007 के द्वारा सचिव ऊर्जा को सन्दर्भित पत्र पर की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक डांडानागराजा क्षेत्र में 33 के0वी0 सब स्टेशन का निर्माण कराया जायेगा?

**ऊर्जा**

श्री मयूख महर
06–02–2008

**56.** क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के नैनी–सैनी हवाई पट्टी विस्तार हेतु ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहण किये जाने हेतु अधिगृहण वार्ता के समय तत्कालीन कुमाऊँ आयुक्त तथा तत्कालीन स्थानीय विधायक द्वारा ग्राम वासियों को क्या–क्या आश्वासन दिए गए थे और उनमें से कितने आश्वासनों की पूर्ति हो चुकी है? यदि नहीं, तो सरकार भविष्य में उन्हें कब तक पूरा करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**नागरिक उड्डयन**

# नत्थी "ग"

<u>कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 07–03–2008 की बैठक में दिनांक 08–03–2008 से दिनांक 10–03–2008 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–</u>

| | | |
|---|---|---|
| 08 शनिवार | अवकाश। | (बैठक नहीं होगी)। |
| 09 रविवार | अवकाश। | (बैठक नहीं होगी)। |
| 10 सोमवार | बजट का प्रस्तुतिकरण। | |

1– <u>तृतीय सत्र, 2007 के लम्बित संकल्प पर चर्चा:–</u>

| | |
|---|---|
| श्री खजान दास<br>दिनांक 23 नवम्बर, 2007<br>को प्रस्तुत | "यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल व जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत पड़ने वाले रवांई–जौनपुर क्षेत्र को जौनसार बावर, जनपद देहरादून की तरह जनजाति क्षेत्र घोषित किया जाय।" |

2– <u>निम्नलिखित असरकारी सकल्पों का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:–</u>

| | | |
|---|---|---|
| (1) | श्री विजय सिंह पंवार | " इस सदन का सुनिश्चित मत है कि टिहरी बांध की झील के निर्माण से प्रभावित टिहरी जनपद विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर के सम्पूर्ण क्षेत्र तथा उत्तरकाशी जनपद के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के गाजड़ा पट्टी के सम्पूर्ण क्षेत्र के अवरूद्व हो गये विकास को प्रारम्भ करने हेतु विशेष आर्थिक पैकेज स्वीकृत किया जाय" |

(2) श्री चन्दन राम दास

" यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड में टनकपुर से बागेश्वर के लिए रेलवे लाइन का निर्माण क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति तथा जनसामान्य के हित में अत्यन्त आवश्यक है।"

(3) श्री सुरेन्द्र राकेश

" इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक में एक बालिका डिग्री कालेज की स्थापना की जाय।"

(4) श्री बलवीर सिंह नेगी

" इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली तहसील के जगदीशिला–विश्वनाथ और रतकोट यात्रा को धार्मिक यात्रा घोषित कर यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाय।"

---

**(समय : अपराह्न 3:00 बजे)।**

बजट का प्रस्तुतीकरण